**मास्टर परिपत्र - अग्रिमों के संबंध में आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण तथा प्रावधान करने से संबंधित विवेकपूर्ण मानदंड (आइआरएसी)**

**विषय-सूची**


| पैरा नं. | | | ब्योरे | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|---|---|
| **भाग क** | | | | |
| 1 | | | **सामान्य** | 1 |
| 2 | | | **परिभाषाएं** | 2 |
| | 2.1 | | अनर्जक आस्तियां | 2 |
| | 2.2 | | 'अनियमित' दर्जा | 3 |
| | 2.3 | | 'अतिदेय' | 3 |
| 3 | | | **आय - निर्धारण** | 3 |
| | 3.1 | | आय-निर्धारण - नीति | 3 |
| | 3.2 | | आय का प्रतिवर्तन | 4 |
| | 3.3 | | अनर्जक आस्तियों की वसूली का विनियोजन | 5 |
| | 3.4 | | ब्याज लगाना | 5 |
| | 3.5 | | अनर्जक आस्तियें के स्तर की गणना | 5 |
| 4 | | | **आस्ति वर्गीकरण** | 5 |
| | 4.1 | | अनर्जक आस्तियों की श्रेणियां | 5 |
| | | 4.1.1 | अवमानक आस्तियां | 6 |
| | | 4.1.2 | संदिग्ध आस्तियां | 6 |
| | | 4.1.3 | हानिवाली आस्तियां | 7 |
| | 4.2 | | आस्तियों के वर्गीकरण के लिए दिशानिर्देश | 7 |
| | | 4.2.3 | जमानत की उपलब्धता /उधारकर्ता /गारंटीकर्ता की निवल मालियत | 8 |
| | | 4.2.4 | अस्थायी कमियों वाले खाते | 8 |
| | | 4.2.5 | अनर्जक आस्तियों के रूप में वर्गीकृत ऋण खातों का श्रेणी उन्नयन | 9 |
| | | 4.2.6 | तुलन पत्र की तारीख के निकट नियमित किये गये खाते | 10 |
| | | 4.2.7 | आस्ति वर्गीकरण ऋणकर्तावार हो न कि सुविधावार हो | 10 |
| | | 4.2.8 | सहायता संघीय व्यवस्थाओं के अंतर्गत अग्रिम | 13 |
| | | 4.2.9 | ऐसे खाते जहां प्रतिभूति के मूल्य में ह्रास हुआ है | 13 |
| | | 4.2.10 | वाणिज्य बैंकों द्वारा प्राथमिक कृषि ऋण समितियों/कृषक सेवा | 14 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | समितियों को दिये गये अग्रिम | |
| | | 4.2.11 | मीयादी जमाराशियों, एनएससी, केवीपी/आइवीपी आदि की जमानत पर अग्रिम | 15 |
| | | 4.2.12 | ब्याज के भुगतान के लिए स्थगन वाले ऋण | 15 |
| | | 4.2.13 | कृषि अग्रिम | 16 |
| | | 4.2.14 | सरकार द्वारा गारंटीकृत अग्रिम | 18 |
| | | 4.2.15 | कार्यान्वित की जा रही परियोजनाएं | 18 |
| | | 4.2.16 | टेक-आउट वित्त | 26 |
| | | 4.2.17 | पोतलदान के बाद आपूर्तिकर्ता का ऋण | 26 |
| | | 4.2.18 | निर्यात परियोजना वित्त | 27 |
| | | 4.2.19 | बीआइएफआर /टीएलआइ द्वारा अनुमोदित पुनर्वास के अधीन अग्रिम | 27 |
| **5** | | | **प्रावधान संबंधी मानदंड** | 28 |
| | 5.1 | | सामान्य | 28 |
| | 5.2 | | हानि वाली आस्तियां | 29 |
| | 5.3 | | संदिग्ध आस्तियां | 29 |
| | 5.4 | | अवमानक आस्तियां | 30 |
| | 5.5 | | मानक आस्तियां | 32 |
| | 5.6 | | अस्थायी (फ्लेटिंग) प्रावधान | 33 |
| | 5.7 | | निर्धारित दरों से उच्चतर दरों पर अग्रिमों के लिए प्रावधान | 35 |
| | 5.8 | | पट्टे की आस्तियों पर प्रावधान | 35 |
| | 5.9 | | विशेष परिस्थितियों में प्रावधानों के लिए दिशानिर्देश | 37 |
| | 5.10 | | प्रावधानीकरण सुरक्षा अनुपात | 45 |
| **6** | | | **प्रतिभूतीकरण कंपनी (एससी)/पुनर्रचना कंपनी (आरसी) को वित्तीय आस्तियों की बिक्री संबंधी दिशानिर्देश** | 47 |
| | 6.1 | | व्याप्ति | 47 |
| | 6.2 | | स्वरूप | 47 |
| | 6.3 | | बेचने योग्य वित्तीय आस्तियां | 48 |
| | 6.4 | | बैंकों/वित्तीय संस्थाओं की वित्तीय आस्तियों के मूल्यांकन तथा कीमत निर्धारण पहलू सहित एससी/आरसी को बिक्री की क्रियाविधि | 49 |
| | 6.5 | | बिक्री लेनदेन के संबंध में बैंकों/वित्तीय संस्थाओं के लिए विवेकपूर्ण मानदंड | 51 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | 6.6 | | प्रकटीकरण अपेक्षाएं | 55 |
| | 6.7 | | संबंधित मामले | 55 |
| 7 | | | **अनर्जक वित्तीय आस्तियों की खरीद/बिक्री पर दिशानिर्देश** | 55 |
| | 7.1 | | व्याप्ति | 56 |
| | 7.4 | | ढांचा | 57 |
| | 7.5 | | मूल्यन और कीमत निर्धारण संबंधी पहलुओं सहित अनर्जक वित्तीय आस्तियों की खरीद/बिक्री के लिए क्रियाविधि | 57 |
| | 7.6 | | खरीद/बिक्री लेनदेन हेतु बैंकों के लिए विवेकपूर्ण मानदंड | 60 |
| | 7.7 | | प्रकटन अपेक्षाएं | 62 |
| 8 | | | **अनर्जक आस्तियों को बट्टे खाते डालना** | 63 |
| | | | **<u>भाग ख</u>**<br>**बैंकों द्वारा अग्रिमों की पुनर्रचना से संबंधित विवेकपूर्ण दिशानिर्देश** | |
| 9 | | | **अग्रिमों की पुनर्रचना की पृष्ठभूमि** | 65 |
| 10 | | | **मुख्य अवधारणाएं** | 67 |
| 11 | | | **पुनर्रचित अंग्रिमों के लिए सामान्य सिद्धांत और विवेकपूर्ण मानदंड** | 67 |
| | 11.1 | | अग्रिमों की पुनर्रचना के लिए पात्रता मानदंड | 67 |
| | 11.2 | | आस्ति वर्गीकरण मानदंड | 69 |
| | 11.3 | | आय निर्धारण मानदंड | 71 |
| | 11.4 | | प्रावधानीकरण मानदंड | 71 |
| 12 | | | **मूल ऋण राशि को ऋण/ईक्विटी लिखत में परिवर्तन के लिए विवेकपूर्ण मानंड** | 75 |
| | 12.1 | | आस्ति वर्गीकरण मानदंड | 75 |
| | 12.2 | | आय निर्धारण मानदंड | 75 |
| | 12.3 | | मूल्यांकन तथा प्रावधानीकरण मानदंड | 75 |
| 13 | | | **अदत्त ब्याज का 'निधिक ब्याज मीयादी ऋण' (एफआइटीएल) ऋण अथवा ईक्विटी लिखतों में परिवर्तन के लिए विवेकपूर्ण मानदंड** | 76 |
| | 13.1 | | आस्ति वर्गीकरण मानदंड | 76 |
| | 13.2 | | आय-निर्धारण मानदंड | 76 |
| | 13.3 | | मूल्यांकन तथा प्रावधानीकरण मानदंड | 77 |
| 14 | | | **आस्ति वर्गीकरण के लिए विशेष विनियामक व्यवहार** | 77 |
| | 14.1 | | विशेष विनियामक व्यवहार लागू करना | 77 |
| | 14.2 | | विशेष विनियामक ढांचे के तत्व | 78 |
| 15 | | | **विविध** | 82 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **16** | | | **प्रकटीकरण** | 83 |
| **17** | | | **उदाहरण** | 84 |
| **18** | | | **पुनर्रचना का उद्देश्य** | 84 |
| **भाग ग**<br>**कृषि ऋण माफी और ऋण राहत योजना 2008 - आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधानीकरण तथा पूंजी पर्याप्तता के लिए विवेकपूर्ण मानदंड** | | | | |
| **19** | | | **पृष्ठभूमि** | 85 |
| **20** | | | **कृषि ऋण माफी तथा ऋण राहत योजना, 2008 के अंतर्गत आनेवाले उधार खातों के लिए विवेकपूर्ण मानदंड** | 85 |
| | 20.1 | | ऋण माफी वाले खातों के लिए मानदंड | 85 |
| | 20.2 | | ऋण राहत के अंतर्गत आनेवाले खातों के लिए मानदंड | 88 |
| | 20.3 | | ऋण माफी तथा ऋण राहत योजना के अंतर्गत शामिल उधारकर्ताओं को नये ऋणों की मंजूरी | 91 |
| | 20.4 | | पूंजी पर्याप्तता | 92 |
| **21** | | | **विवेकपूर्ण मानदंड में बाद में किये गये परिवर्तन** | 92 |
| | 21.1 | | भारत सरकार द्वारा ब्याज की अदायगी | 92 |
| | 21.2 | | ऋण राहत योजना के अंतर्गत 'अन्य किसानों' की किस्त अदायगी अनुसूची में परिवर्तन | 93 |
| **अनुबंध** | | | | |
| **अनुबंध - 1** | | | सकल अग्रिमों, सकल अनर्जक आस्तियों, निवल अग्रिमों तथा अनर्जक आस्तियों का ब्यौरा | 95 |
| **अनुबंध - 2** | | | संबंधित प्रत्यक्ष कृषि अग्रिमों की सूची | 97 |
| **अनुबंध - 3** | | | प्रावधानीकरण सुरक्षा अनुपात (पीसीआर) की गणना हेतु प्रारूप | 99 |
| **अनुबंध - 4** | | | सहायता संघीय/बहु बैंकिंग/समूहन व्यवस्थाओं के अंतर्गत अग्रिमों की पुनर्रचना के लिए संगठनात्मक ढांचा | 102 |
| **अनुबंध - 5** | | | पुनर्रचना की प्रमुख अवधारणाएं | 122 |
| **अनुबंध - 6** | | | पुनर्रचित खातों के ब्योरे | 125 |
| **अनुबंध - 7** | | | दिशानिर्देशों के अंतर्गत पुनर्रचित खातों का आस्ति वर्गीकरण | 126 |
| **अनुबंध - 8** | | | पुनर्रचना के लिए विशेष विनियामक छूट (30 जून तक उपलब्ध) | 128 |
| **अनुबंध - 9** | | | मास्टर परिपत्र में समेकित परिपत्रों की सूची | 134 |

वर्गीकरण श्रेणी के अंतर्गत जारी रहता है । पुनर्रचना के बाद आस्ति वर्गीकरण बनाये रखने का यह लाभ एसएमई उधारकर्ताओं को छोड़कर गैर-औद्योगिक गतिविधियों में लगे उधारकर्ताओं के खातों के लिए उपलब्ध नहीं है। दूसरा अंतर यह है कि सीडीआर प्रणाली तथा एसएमई को दिये गये अग्रिमों की पुनर्रचना पर लागू विवेकपूर्ण विनियमावली सीडीआर प्रणाली के बाहर औद्योगिक इकाइयों को दिये गये अग्रिमों सहित अन्य अग्रिमों की पुनर्रचना से संबंधित विनियमों की अपेक्षा अधिक ब्यौरेवार और व्यापक हैं । इसके अलावा, सीडीआर प्रणाली केवल उन्हीं उधारकर्ताओं के लिए उपलब्ध है जो औद्योगिक गतिविधियों में लगे हुए हैं।

9.2 चूंकि सभी अग्रिमों की पुनर्रचना के अंतर्निहित सिद्धांत एक जैसे हैं, अतः सभी मामलों में विवेकपूर्ण विनियमों को सुसंगत बनाने की आवश्यकता थी । तदनुसार, अगस्त 2008 में ऋण पुनर्रचना प्रणालियों की सभी श्रेणियों के लिए विवेकपूर्ण मानदंडों को सुसंगत बनाया गया है । केवल प्राकृतिक आपदाओं के कारण पुनर्रचित खातों को इस दायरे से बाहर रखा गया, क्योंकि उनपर आरपीसीडी द्वारा जारी मौजूदा दिशानिर्देश लागू रहेंगे। सीडीआर प्रणाली सहित सभी पुनर्रचना पर लागू विवेकपूर्ण मानदंड पैरा 11 में दिये गये हैं । सीडीआर प्रणाली और एसएमई ऋण पुनर्रचना प्रणाली के लिए संस्थागत/संगठनात्मक ढांचे के ब्यौरे अनुबंध 2 में दिये गये हैं।

यह नोट किया जाए कि पैरा 11 में निर्धारित सामान्य सिद्धांतों में अन्य बातों के साथ-साथ यह व्यवस्था है कि पुनर्रचना के तुरंत बाद 'मानक' अग्रिमों को 'अवमानक' के रूप में पुनः वर्गीकृत किया जाए । तथापि, नीचे पैरा 14.1 में विनिर्दिष्ट उधार श्रेणियों (अर्थात् उपभोक्ता और वैयक्तिक अग्रिम, पूंजी बाजार और स्थावर संपदा एक्सपोज़र के रूप में वर्गीकृत अग्रिम) को

वर्ष की उपर्युक्त सीमा पुनर्रचित आवास ऋणों पर लागू नहीं होगी । इन मामलों में बैंकों के निदेशक बोर्डों को चाहिए कि वे अग्रिमों की सुरक्षा और सुदृढ़ता को ध्यान में रखते हुए पुनर्रचित अग्रिम के लिए अधिकतम अवधि निर्धारित करें । आवासीय संपत्ति अर्जित करने के लिए व्यक्तियों को दिये जानेवाले ऋण, जो उधारकर्ता द्वारा कब्जे में ली जानेवाली या किराये पर दी जानेवाली आवासीय संपत्ति के बंधक द्वारा पूरी तरह सुरक्षित हो, नए पूंजी पर्याप्तता ढांचे के अंतर्गत जोखिम भारित किये जाते हैं, बशर्ते बोर्ड अनुमोदित मूल्यांकन नीति के आधार पर मूल्य के प्रति ऋण अनुपात (एलटीवी) 75% से अधिक न हो । तथापि, पुनर्रचित आवास ऋणों पर पहले निर्धारित जोखिम भार के अलावा 25 प्रतिशत अंक का अतिरिक्त जोखिम भार लगाया जाना चाहिए।

iv) प्रवर्तकों का त्याग तथा उनके द्वारा लायी गई अतिरिक्त निधियां बैंक के त्याग की कम-से-कम 15 प्रतिशत होनी चाहिए। 'बैंक के त्याग' शब्द का तात्पर्य पैरा 11.4.2 (i) के अंतर्गत उल्लिखित पद्धति के अनुसार अभिकलित की गयी "अग्रिम के उचित मूल्य में ह्रास" की राशि है।

v) तथापि बैंकों तथा भारतीय बैंक संघ से प्राप्त अभ्यावेदन जिनमें कहा गया है कि समस्याग्रस्त कंपनियों को कुछ अवसरों पर प्रवर्तकों के त्याग का अंश तथा अतिरिक्त निधियां प्रारंभ में ही लाने में कठिनाई हो रही है, के आधार पर यह निर्णय लिया गया है कि :

20.1 <u>ऋण माफी वाले खातों के लिए मानदंड</u>

20.1.1 ऋण माफी के लिए पात्र छोटे तथा सीमांत किसानों के संबंध में ऊपर उल्लिखित परिपत्र के अनुलग्नक के पैरा 4 में दी गयी परिभाषा के अनुसार माफी के लिए पात्र राशि को बैंक भारत सरकार से प्राप्त होने तक 'कृषि ऋण माफी योजना 2008 के अंतर्गत भारत सरकार से प्राप्य राशि' नामक अलग खाते में अंतरित करें । इस खाते की शेष राशि को तुलन पत्र की 9वीं अनुसूची (अग्रिम) में दर्शाया जाना चाहिए।

20.1.2 इस खाते के शेष को बैंक 'अर्जक' आस्ति के रूप में समझें, बशर्ते, वर्तमान मूल्य (पीवी) के रूप में होने वाली हानि के लिए पर्याप्त प्रावधान किया गया हो । वर्तमान मूल्य के रूप में होनेवाली हानि की गणना यह मानकर की जानी चाहिए कि भारत सरकार से ऐसे भुगतान निम्नलिखित किस्तों में प्राप्त होंगे

क) 30 सितंबर 2008 तक कुल बकाया राशि का 32 प्रतिशत,

ख) 31 जुलाई 2009 तक 19 प्रतिशत,

ग) जुलाई 2010 तक 39 प्रतिशत तथा

घ) जुलाई 2011 तक शेष 10 प्रतिशत।

तथापि, मानक आस्तियों के लिए मौजूदा मानदंडों के अंतर्गत इस खाते में शेष राशि के संबंध में अपेक्षित प्रावधान करना आवश्यक नहीं है।

20.1.3 उपर्युक्त पैरा 20.1.2 के अनुसार वर्तमान मूल्य के रूप में हानि की गणना करने के लिए बट्टे की दर 9.56 प्रतिशत समझी जाए, जो कि 30 जुलाई 2008 की स्थिति के अनुसार 364-दिवसीय भारत सरकार खजाना बिल पर परिपक्वता पर आय है।

20.1.4 जिन अनर्जक आस्ति खातों के संबंध में ऋण माफी प्रदान की गई है उनके संबंध में धारित विवेकपूर्ण प्रावधानों का उपयोग वर्तमान मूल्य आधार पर अपेक्षित प्रावधानों को पूरा करने में किया जा सकता है।

20.1. तथापि, यदि विवेकपूर्ण प्रावधान की धारित राशि वर्तमान मूल्य आधार पर अपेक्षित प्रावधान की राशि से अधिक है तो ऐसे अतिरिक्त प्रावधान को चरणबद्ध तरीके से प्रतिवर्तित किया जाए। यह चरणबद्ध प्रतिवर्तन मार्च 2009, 2010, 2011 तथा 2012 को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान क्रमशः32 प्रतिशत, 19 प्रतिशत, 39 प्रतिशत तथा 10 प्रतिशत के अनुपात में किया जाए लेकिन ऐसा केवल संबंधित वर्ष के लिए सरकार से देय किस्त प्राप्त होने के बाद किया जाए।

20.1.6 सरकार से अंतिम किस्त प्राप्त होने के बाद वर्तमान मूल्य के रूप में हानि के लिए किए गए प्रावधान को सामान्य आरक्षित निधि में 'लाइन के नीचे' अंतरित किया जाए।

20.1.7 यदि किसी किसान के दावे को किसी भी स्तर पर विशेष रूप से अस्वीकृत किया जाता है तो अनर्जक आस्ति की मूल तारीख को ध्यान में रखते हुए उस खाते के आस्ति वर्गीकरण का निर्धारण किया जाए (यह मानते हुए कि ऊपर उल्लिखित खाते में किए गए

ऋण शेष के अंतरण के आधार पर उक्त खातों को बीच की अवधि में अर्जक नहीं माना गया है ) तथा उपयुक्त प्रावधान किया जाए। दावे को अस्वीकृत करने के कारण खाते को अनर्जक आस्ति के रूप में माने जाने के परिणामस्वरूप वर्तमान मूल्य आधार पर किए गए प्रावधान को अपेक्षित अनर्जक आस्ति - प्रावधानों की गणना में शामिल किया जाए।

20.2 **ऋण राहत के अंतर्गत आने वाले खातों के लिए मानदंड**

20.2.1 इस योजना के अंतर्गत 'अन्य' किसानों के मामले में, किसान को 'पात्र राशि' के 25 प्रतिशत की राशि उसके खाते में जमा करके सरकार द्वारा छूट दी जाएगी, बशर्ते किसान 'पात्र राशि' के शेष 75 प्रतिशत का भुगतान करता है। योजना में ऐसे किसानों द्वारा अपने 75 प्रतिशत अंश का तीन किस्तों में भुगतान करने का प्रावधान है तथा पहली दो किस्तों की राशि किसान के अंश के एक तिहाई हिस्से से कम नहीं होगी। तीन किस्तों के भुगतान की अंतिम तारीखें क्रमशः 30 सितंबर 2008, 31 मार्च 2009 तथा 30 जून 2009 होंगी।

**आस्ति वर्गीकरण**

20.2.2 जहां ऋण राहत योजना के अंतर्गत आने वाले किसानों ने एकबारगी निपटान के अंतर्गत अपने अंश का भुगतान करने की सहमति दर्शाने वाला वचनपत्र दिया है, वहां उनके संबंधित खातों को बैंक 'मानक'/'अर्जक' खाते समझ सकते हैं, बशर्ते -

(क) बैंकों ने उधारकर्ताओं तथा सरकार से अपेक्षित सभी प्राप्य राशियों के लिए वर्तमान मूल्य के रूप में होनेवाली हानि के लिए पर्याप्त प्रावधान किया है; तथा

(ख) ऐसे किसान निपटान के अपने अंश का भुगतान नियत तारीखों के एक महीने के भीतर करते हैं।

तथापि अंतिम किस्त के भुगतान के लिए कोई अतिरिक्त अवधि की अनुमति नहीं दी गयी है तथा किसान का पूरा अंश 30 जून 2009 तक देय है।

<u>प्रावधानीकरण</u>

20.2.3 <u>मानक आस्तियों के लिए प्रावधान</u>

ऋण राहत के अंतर्गत आने वाले खातों को उधारकर्ताओं से उपर्युक्त वचनपत्र प्राप्त करने के बाद मानक आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। तदनुसार, ऐसे खातों पर मानक आस्तियों पर लागू विवेकपूर्ण प्रावधानीकरण भी लागू होगा।

20.2.4 <u>वर्तमान मूल्य के आधार पर प्रावधान करना</u>

योजना के अंतर्गत वर्तमान मूल्य के रूप में हानि की राशि की गणना करने के लिए उपर्युक्त पैरा 20.2.1 में चुकौती की अनुसूची के अनुसार किसानों से प्राप्य तथा सरकार से भी प्राप्य नकदी प्रवाह पर बट्टा काटकर वर्तमान मूल्य निकाला जाना चाहिए ।

इस संदर्भ में यह मान लिया जाए कि सरकार का अंशदान 30 जून 2010 तक प्राप्त हो जाएगा। इस प्रयोजन के लिए लागू की जानेवाली बट्टा दर वह ब्याज दर होनी चाहिए जिस पर संबंधित

ऋण मंजूर किया गया था, जिसमें सरकार से यदि कोई ब्याज सब्सिडी उपलब्ध हो तो उसका भी समावेश होगा।

20.2.5 जिन अनर्जक आस्ति खातों के लिए ऋण माफी मंजूर की गई है उनके संबंध में किए गए विवेकपूर्ण प्रावधानों को वर्तमान मूल्य के आधार पर अपेक्षित प्रावधानों तथा मानक आस्तियों (इन ऋणों के मानक के रूप में वर्गीकृत करने के कारण) संबंधी प्रावधानों की पूर्ति के लिए हिसाब में लिया जाए और यदि कोई कमी रह जाए तो उसके लिए प्रावधान किया जाए । इस प्रकार किए गए कुल प्रावधानों में वर्तमान मूल्य के आधार पर अपेक्षित प्रावधान, मानक आस्तियों के लिए प्रावधान और अनर्जक आस्तियों के प्रति यदि कोई अतिरिक्त विवेकपूर्ण प्रावधान हो तो वे शामिल होंगे।

20.2.6 खातों के निम्न श्रेणीकरण के मामले में प्रावधान करना

जैसा कि उपर्युक्त पैरा 20.2.2 (ख) में उल्लेख किया गया है, ऋण राहत योजना के अधीन आनेवाले खातों को केवल तभी मानक /अर्जक आस्तियों के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा जब किसान पूर्व निर्दिष्ट नियत तारीखों के एक महीने के भीतर अपने द्वारा अदा की जानेवाली राशि का भुगतान कर देते हैं । तथापि, यदि किसानों द्वारा अदायगी किए जाने में संबंधित नियत तारीखों से एक महीने से अधिक का विलंब होता है तो ऐसे किसानों के संबंधित खातों की बकाया राशि को अनर्जक आस्ति माना जाएगा। ऐसे खातों का आस्ति वर्गीकरण अनर्जक आस्ति की मूल तारीख के संदर्भ में निर्धारित किया जाएगा। (मानो उक्त खाते को, उक्त वचनपत्र पर आधारित बीच की अवधि में, अर्जक के रूप में नहीं माना गया था।) खातों के ऐसे

निम्न श्रेणीकरण पर मौजूदा विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुसार अतिरिक्त प्रावधान भी किए जाने चाहिए।

इस अतिरिक्त प्रावधान की अपेक्षा की पूर्ति के लिए, अतिरिक्त विवेकपूर्ण प्रावधान यदि कोई किए गए हों तो उन्हें; मानक आस्तियों के लिए किए गए प्रावधान की राशियों (उक्त पैरा 20.2.3 के अनुसार) तथा ऐसे निम्न श्रेणीकृत खाते के संबंध में वर्तमान मूल्य के आधार पर किए गए प्रावधान को विचार में लिया जा सकता है । ऐसे अतिरिक्त विवेकपूर्ण प्रावधान किया जाना भी जारी रखा जाना चाहिए तथा उन्हें नीचे दिए पैरा 20.2.7 में विनिर्दिष्ट किए गए अनुसार ही प्रतिवर्तित किया जाना चाहिए।

20.2.7 <u>अतिरिक्त विवेकपूर्ण प्रावधानों को प्रतिवर्तित करना</u>

यदि विवेकपूर्ण अनर्जक आस्ति प्रावधानों की राशि, वर्तमान मूल्य आधार पर अपेक्षित प्रावधान तथा मानक आस्तियों केध लिए किए गए कुल प्रावधान (इन ऋणों को मानक के रूप में वर्गीकृत करने के कारण) से अधिक हो तो ऐसे अतिरिक्त विवेकपूर्ण प्रावधान को प्रतिवर्तित नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि उन्हें इन दो घटनाओं में से पहले होनेवाली घटना तक जारी रखा जाना चाहिए, अर्थात् :

(क) उधारकर्ता का पूरा बकाया चुकता होने तक - जब पूरी राशि को लाभ-हानि लेखे में प्रतिवर्तित किया जा सकेगा; अथवा

(ख) जब ऐसे अतिरिक्त प्रावधान की राशि, उधारकर्ता द्वारा चुकौती के कारण बकाया राशि से अधिक हो जाती है - जब बकाया राशि से अधिक प्रावधान की राशि से लाभ-हानि लेखे में प्रतिवर्तित किया जा सकेगा।

20.2.8 <u>वर्तमान मूल्य के आधार किए गए प्रावधानों को प्रतिवर्तित करना</u>

वर्तमान मूल्य के आधार पर किए गए प्रावधान, नकदी की प्राप्ति में विलंब के कारण बैंक के लिए स्थायी स्वरूप की हानि दर्शाते हैं, अतः उन्हें लाभ-हानि लेखे में प्रतिवर्तित नहीं किया जाना चाहिए। अतः ऐसे प्रावधान की राशि को अंतिम रूप से निपटान होने तक जारी रखा जाना चाहिए तथा उक्त योजना के अंतर्गत सरकार का अंशदान प्राप्त हो जाने के बाद उसे लाभ में कमी के रूप में सामान्य आरक्षित निधि के अंतर्गत 'लाइन से नीचे' प्रतिवर्तित किया जाना चाहिए।

## 20.3 कृषि ऋण माफी तथा ऋण राहत योजना के अंतर्गत शामिल उधारकर्ताओं को नये ऋणों की मंजूरी

20.3.1 छोटे तथा सीमांत किसान, 23 मई 2008 के परिपत्र आरपीसीडी. सं. पीएलएफएस. बीसी. 72/05.04.02/2007-08 के संलग्नक के पैरा सं. 7.2 के अनुसार पात्र राशि माफ किए जाने पर नए कृषि ऋणों के लिए पात्र हो जाएंगे। इन नए ऋणों को ऋण माफी के अधीन उक्त ऋण के आस्ति वर्गीकरण पर ध्यान दिए बिना "अर्जक आस्ति" के रूप में माना जाएगा और उसके बाद वाला आस्ति वर्गीकरण मौजूदा आइआरएसी मानदंडों के अनुसार होगा।

20.3.2 नए अल्पावधि उत्पादन ऋणों और निवेश ऋणों के लिए पात्र 'अन्य किसानों' के मामले में 23 मई 2008 के परिपत्र आरपीसीडी सं. पीएलएफएस. बीसी. 72/05.04.02/2007-08 के संलग्नक के पैरा क्रमशः 7.6 और 7.7 में प्रावधान किए गए

अनुसार, इन नए ऋणों को ऋण राहत के अधीन उक्त ऋण के आस्ति वर्गीकरण पर ध्यान दिए बिना 'अर्जक आस्ति' माना जाए और उसके बाद वाला आस्ति वर्गीकरण मौजूदा आइआरएसी मानदंडों के अनुसार होगा।

20.4 **पूंजी पर्याप्तता**

'कृषि ऋण माफी योजना 2008 के अंतर्गत भारत सरकार से प्राप्य राशि' के रूप में रखे गए खाते की बकाया राशि को भारत सरकार पर एक दावे के रूप में समझा जाएगा और उस पर पूंजी पर्याप्तता मानदंडों के प्रयोजन के लिए शून्य जोखिम भार लगेगा। तथापि, ऋण राहत योजना में शामिल खातों की बकाया राशि को उधारकर्ता पर दावे के रूप में माना जाएगा तथा मौजूदा मानदंडों के अनुसार उस पर जोखिम भार लगेगा। यह बासल I तथा बासल II ढाँचे के अधीन लागू होगा।

## 21. <u>विवेकपूर्ण मानदंडों में बाद में किये गये परिवर्तन</u>

21.1 **भारत सरकार द्वारा ब्याज की अदायगी**

भारत सरकार ने बाद में दूसरी, तीसरी और चौथी किस्त पर ब्याज अदा करने का निर्णय लिया है, जो 364 दिवसीय भारत सरकार खजाना बिल की विद्यमान परिपक्वता आय दर पर क्रमशः जुलाई 2009, जुलाई 2010 और जुलाई 2011 में देय होगा । इन किस्तों पर ब्याज का भुगतान पहली किस्त की प्रतिपूर्ति की तारीख (अर्थात् नवंबर 2008) से प्रत्येक किस्त की वास्तविक प्रतिपूर्ति की तारीख तक की जाएगी।

उपर्युक्त को देखते हुए उपर्युक्त पैरा 20.1.2 से 20.1.7, 20.2.2 (क) और 20.2.4 से 20.2.8 में निहित अनुदेशों का अधिक्रमण करते हुए यह निर्णय लिया गया है कि ऋण माफी योजना और ऋण राहत योजना के अंतर्गत

आनेवाले खातों के लिए केवल भारत सरकार से प्राप्य राशि के लिए वर्तमान मूल्य (पीवी) के संदर्भ में हानि के लिए बैंकों को कोई प्रावधान करने की आवश्यकता नहीं है।

21.2 <u>ऋण राहत योजना के अंतर्गत 'अन्य किसानों' की किस्त अदायगी अनुसूची में परिवर्तन</u>

कुछ राज्यों में हाल के सूखे तथा देश के कुछ अन्य भागों में बाढ़ की तबाही को देखते हुए केंद्रीय बजट 2010-11 में की गयी घोषणा के अनुसार भारत सरकार ने अब यह निर्णय लिया है कि ऋण राहत योजना (कृषि ऋण माफी तथा ऋण राहत योजना के अधीन) के अंतर्गत "अन्य किसानों" द्वारा अतिदेय हिस्से के 75% के भुगतान की अंतिम तारीख 30 जून 2010 तक बढ़ा दी जाए। पात्र 'अन्य किसानों' को एक अथवा उससे अधिक किस्तों में 30 जून 2010 तक इस रशि का भुगतान करने की अनुमति दी जा सकती है। बैंक 29 फरवरी 2008 से 30 जून 2009 के बीच की अवधि के लिए पात्र राशि पर कोई ब्याज नहीं लगाएंगे। तथापि, वे पात्र राशि पर 1 जुलाई 2009 से निपटान की तारीख तक के लिए सामान्य ब्याज दर लगा सकती हैं। इसके अलावा उक्त योजना के अंतर्गत समय सीमा में छःमहीने के विस्तार के लिए विलंबित प्रतिपूर्ति अनुसूची के अनुसार ऋणदात्री संस्थाओं को

25 प्रतिशत राशि की प्रतिपूर्ति करते समय भारत सरकार ऋणदात्री संस्थाओं को कोई ब्याज की अदायगी नहीं करेगी।

भारत सरकार ने यह भी सूचित किया है कि बैंक/उधारदात्री संस्था एकबारगी निपटान योजना (ओटीएस) के अंतर्गत पात्र राशि के 75 प्रतिशत से भी कम राशि प्राप्त कर सकती हैं, बशर्ते बैंक/उधारदात्री संस्थाएं उक्त राशि के अंतर को स्वयं वहन करें और सरकार अथवा किसान के पास उसके लिए कोई दावा नहीं करें । सरकार ऋण राहत के अंतर्गत केवल वास्तविक पात्र राशि के 25 प्रतिशत राशि का ही भुगतान करेगी।

21.3 तथापि, यदि किसानों द्वारा 30 जून 2010 तक भुगतान नहीं किया जाता है तो ऐसे किसानों के संबंधित खातों में बकाया राशि को अनर्जक आस्ति माना जाएगा। इस तरह के खातों के आस्ति वर्गीकरण का निर्धारण अनर्जक आस्ति की मूल तिथि के संदर्भ में किया जाएगा (मानो कि उपर्युक्त वचन के आधार पर खाते को बीच की अवधि के दौरान अर्जक नहीं माना गया था)। खातों की श्रेणी को इस प्रकार घटाए जाने के बाद अतिरिक्त प्रावधान विद्यमान विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुसार कि या जाना चाहिए।

21.4 कृपया पैराग्राफ 20.1.1 देखें जिसमें यह प्रावधान किया गया है कि ऋण माफी के लिए पात्र छोटे तथा सीमांत किसानों के संबंध में माफी के लिए पात्र राशि को बैंक भारत सरकार से प्राप्त होने तक "कृषि ऋण माफी योजना 2008" के अंतर्गत भारत सरकार से प्राप्य राशि' नामक अलग खाते में अंतरित करें तथा इस खाते की शेष राशि को तुलन पत्र की 9वीं अनुसूची (अग्रिम) में दर्शाया जाना चाहिए। अब यह स्पष्ट किया जाता है कि ऋण राहत के लिए पात्र 'अन्य किसानों' के मामले में बैंक ऋण माफी योजना के अंतर्गत भारत सरकार से प्राप्त होने वाली राशि के लिए खोले

**अनुबंध - 2**

(देखें पैरा 4.2.13)

**प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को दिए उधारों से संबंधितत 1 जुलाई 2010 के मास्टर परिपत्र आरपीसीडी. सं. प्लान. बीसी. 10/04.09.01/2010-11 से प्रत्यक्ष कृषि अग्रिमों की सूची का प्रासंगिक अंश**

| | | |
|---|---|---|
| **प्रत्यक्ष वित्त** | | |
| | | |
| 1.1 | **एकल कृषकों (इनमें स्व सहायता समूह अथवा संयुक्त देयता समूह अर्थात एकल कृषकों के समूह शामिल हैं, बशर्ते बैंक ऐसे वित्तपोषण के संबंध में अलग- अलग आंकड़े रखें) को कृषि के लिए वित्तपोषण** | |
| | 1.1.1 | फसल उगाने के लिए अल्पावधि ऋण, अर्थात् फसल ऋणों के लिए। इसमें पारंपरिक, अपारंपरिक बागानों और उद्यान कृषि का समावेश है। |
| | | |
| | 1.1.2 | कृषि उत्पादों (इनमें गोदाम रसीदें भी शामिल हैं) को गिरवी/दृष्टिबंधक रखने पर 12 महीने तक की अवधि के लिए 10 लाख रुपए तक के अग्रिम, चाहे उन कृषकों को उत्पाद के लिए फसल ऋण दिए गए हों या नहीं। |
| | | |
| | 1.1.3 | कृषि हेतु उत्पादन तथा निवेश अपेक्षाओं के वित्तपोषण के लिए कार्यशील पूंजी और मीयादी ऋण |
| | | |
| | 1.1.4 | भूमि की खरीद तथा कृषि प्रयोजनों के लिए छोटे और सीमांत कृषकों को ऋण |
| | | |
| | 1.1.5 | समुचित संपार्श्विक तथा समूह सुरक्षा पर, संस्थागत उधारदाताओं से इतर उधारदाताओं के ऋणग्रस्त व्यथित कृषकों को ऋण |

**अनुबंध - 8**

**पुनर्रचना के लिए विशेष विनियामक छूट (30 जून 2009 तक उपलब्ध)**

चूंकि वैश्विक मंदी का रिसता प्रभाव भारतीय अर्थ व्यवस्था को विशेष रूप से सितंबर 2008 के बाद से प्रभावित करने लगा है और अन्य प्रकार से सक्षम इकाइयों/गतिविधियों में भी दबाव पैदा हो गया है, अतः हमारे 8 दिसंबर 2008 के परिपत्र आरबीआइ/2008-09/311 बैंपविवि. बीपी. बीसी. 93/21.04.132/2008-09, 2 जनवरी 2009 के परिपत्र आरबीआइ/2008-09/340 बैंपविवि. बीपी. बीसी. 104/21.04.132/2008-09, 4 फरवरी 2009 के परिपत्र आरबीआइ/2008-09/370 बैंपविवि. बीपी. बीसी. 105/21.04.132/2008-09 और 17 अप्रैल 2009 के परिपत्र आरबीआइ/2008-09/435 बैंपविवि. बीपी. बीसी. 124/21.04.132/2008-09 द्वारा पुनर्रचना के दिशानिर्देशों में अर्थात् 27 अगस्त 2008 के परिपत्र आरबीआइ/2008-09/143 बैंपविवि. बीपी. बीसी. 37/21.04.132/2008-09 में एक बारगी उपाय के रूप में सीमित अवधि तक अर्थात् 30 जून 2009 तक कतिपय परिवर्तन किये गये । ये परिपत्र 1 जुलाई 2009 के बाद लागू नहीं रहेंगे । ये दिशानिर्देश निम्नानुसार हैं

(i) परिपत्र आरबीआइ/2008-09/143 बैंपविवि. सं. बीपी. बीसी. सं. 37/ 21.04.132/ 2008-09 के पैरा 6.1 के अनुसार, वाणिज्यिक स्थावर संपदा में एक्सपोजर, पूँजी बाजार में एक्सपोजर तथा वैयक्तिक/ उपभोक्ता ऋण उक्त परिपत्र के पैरा 6.2 में वर्णित अपवादात्मक विनियामक ट्रीटमेंट के पात्र नहीं है जिसके अनुसार पुनर्रचित मानक खातों का आस्ति वर्गीकरण मानक संवर्ग में बनाए रखा जाता है। चूँकि स्थावर संपदा क्षेत्र कठिनाइयों से गुज़र रहा है, अत: यह निर्णय लिया गया है कि 30 जून 2009 तक पुनर्रचित वाणिज्यिक स्थावर संपदा एक्सपोजरों पर भी अपवादात्मक / विशेष ट्रीटमेंट लागू किया जाए।

(ii) उक्त परिपत्र के पैरा 6.2.2(vi) के अनुसार विशेष विनियामक ट्रीटमेंट केवल उन्हीं मामलों तक सीमित रहेगा जहाँ संबंधित पुनर्रचना परिपत्र के अनुबंध 2 के पैरा (v) में

परिभाषित "बार-बार की गई पुनर्रचना" नहीं है। वर्तमान आर्थिक मंदी के दौरान ऐसे उदाहरण सामने आ सकते हैं, जहाँ समर्थ यूनिटों को भी अस्थायी नकदी प्रवाह की समस्या का सामना करना पड़ रहा हो। इस समस्या के निराकरण की दिशा में यह निर्णय लिया गया है कि एकबारगी उपाय के रूप में, 30 जून 2009 तक बैंकों द्वारा एक्सपोजरों (वाणिज्यिक स्थावर संपदा के एक्सपोज़र, पूँजी बाजार एक्सपोजर और वैयक्तिक /उपभोक्ता ऋण को छोड़कर) की की गई दूसरी पुनर्रचना भी अपवादात्मक / विशेष विनियामक ट्रीटमेंट की पात्र होगी।

(iii) 8 दिसंबर 2008 के परिपत्र में शामिल सभी खाते, जो 1 सितंबर 2008 को मानक खाते थे, पुनर्रचना के बाद मानक खाते माने जाएंगे, बशर्ते पुनर्रचना 31 मार्च 2009 या उससे पहले आरंभ की जाती है तथा पुनर्रचना पैकेज आरंभ करने की तारीख से ö120 दिनों की अवधि के भीतर पुनर्रचना पैकेज लागू कर दिया जाता है।

(iv) 27 अगस्त 2008 के परिपत्र के अधीन शामिल खातों के मामले में भी पुनर्रचना पैकेज को अमल में लाने की अवधि 90 दिन से बढ़कर 120 दिन होगी ।

(v) चूक हो जाने पर बैंक को एक्सपोज़र पर होनेवाली संभाव्य हानि के निर्धारण के लिए प्रतिभूति का मूल्य प्रासंगिक है ।पुनर्रचित ऋणों के मामले में यह पहलू बहुत ही महत्वपूर्ण हो जाता है । तथापि, वर्तमान गिरावट के कारण हो सकता है कि आहरण शक्ति के बाद मूल धन के बकाये के अनियमित हिस्से के परिवर्तन से बने कार्यशील पूंजी मीयादी ऋण के लिए, स्टॉक जैसी प्रतिभूति के मूल्यों में गिरावट के कारण पूरा प्रतिभूति कवर उपलब्ध न हो । ऐसी असामान्य स्थितियों को देखते हुए 27 अगस्त 2008

तथा 8 दिसंबर 2008 के परिपत्रों में शामिल उन 'मानक' तथा 'अवमानक खातों' के लिए भी यह विशेष विनियामक ट्रीटमेंट उपलब्ध होगा जहां कार्यशील पूंजी मीयादी ऋण के लिए पूरा प्रतिभूति कवर उपलब्ध न हो, बशर्ते कार्यशील पूंजी मीयादी ऋण के गैर-ज़मानती हिस्से के लिए निम्नानुसार प्रावधान किए गए हैं:

- मानक आस्तियां : 20 प्रतिशत
- अवमानक आस्तियां : पहले वर्ष के दौरान 20 प्रतिशत और उसके बाद विनिर्दिष्ट अवधि (पुनर्रचना की शर्तों के अधीन देय पहली अदायगी के बाद एक वर्ष) पूरी होने तक हर वर्ष 20 प्रतिशत से बढ़ाया जाना है।
- यदि खाता विनिर्दिष्ट अवधि के बाद उन्नयन के लिए पात्र नहीं है तो गैर-ज़मानती हिस्से के लिए 100 प्रतिशत प्रावधान करना होगा।

ये प्रावधान वर्तमान विनियमन के अनुसार प्रचलित प्रावधानों के अतिरिक्त होंगे।

(vi) इस संबंध में हम सूचित करते हैं कि 27 अगस्त 2008 के उक्त परिपत्र के पैरा 3.1.2 के अनुसार अग्रिम की पुनर्रचना के लिए किया गया आवेदन जब तक विचाराधीन है तब तक सामान्य आस्ति वर्गीकरण मानदंड लागू होना जारी रहेगा। किसी आस्ति के पुनर्वर्गीकरण की प्रक्रिया केवल इस वजह से नहीं रुकनी चाहिए कि आवेदन विचाराधीन है। तथापि, बैंक यदि निम्नलिखित समय अनुसूची के अनुसार अनुमोदित पैकेज कार्यान्वित करता है तो पैकेज के तत्पर कार्यान्वयन के लिए एक प्रोत्साहन के रूप में आस्ति वर्गीकरण का स्तर सीडीआर प्रणाली के अंतर्गत आनेवाले मामलों के संबंध में सीडीआर कक्ष को भेजने के समय अथवा सीडीआर से इतर मामलों में बैंक द्वारा प्राप्त पुनर्रचना के आवेदन के समय की स्थिति पर पुनः स्थापित किया जाए:

(i) सीडीआर प्रणाली के अंतर्गत अनुमोदन की तारीख से 120 दिन के भीतर ।

(ii) सीडीआर प्रणाली के अंतर्गत पुनर्रचित मामलों को छोड़कर अन्य मामलों में बैंक को आवेदन प्राप्त होने की तारीख से 90 दिन के भीतर।

(vii) इस संबंध में यह भी स्पष्ट किया जाता है कि जिन मामलों में 1 सितंबर 2008 को खाते मानक थे लेकिन 31 मार्च 2009 के पूर्व अनर्जक श्रेणी में आ गए, उनके पुनर्रचना पैकेज का कार्यान्वयन 31 मार्च 2009 के पहले किए जाने पर तथा 27 अगस्त 2008 के परिपत्र के पैरा 6.2.2 (इस परिपत्र की तारीख तक यथासंशोधित) में निर्धारित सभी शर्तों का भी अनुपालन किए जाने पर ही 31 मार्च 2009 की स्थिति के अनुसार उन्हें मानक रिपोर्ट किया जा सकता है। उन सभी खातों के मामलों में जहां पैकेज प्रक्रियाधीन है अथवा अनुमोदित है लेकिन जिनका अब तक पूर्णतः कार्यान्वयन नहीं किया गया है, यदि वे खाते सामान्य क्रम में अनर्जक हुए हैं तो 31 मार्च 2009 की स्थिति के अनुसार उन्हें अनर्जक के रूप में रिपोर्ट करना होगा। तथापि, निर्धारित अवधि के भीतर पैकेज के कार्यान्वयन की तारीख के बाद बैंक द्वारा की गई किसी भी विनियामक रिपोर्टिंग में इन खातों के सीडीआर प्रणाली के अंतर्गत आनेवाले मामलों के संबंध में सीडीआर कक्ष को उन्हें भेजने की तारीख से अथवा सीडीआर से इतर मामलों में बैंक द्वारा पुनर्रचना का आवेदन प्राप्त करने की तारीख से पूर्वव्यापी प्रभाव से मानक आस्तियों के रूप में रिपोर्ट किया जा सकता है। इस संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि पूर्वव्यापी प्रभाव से रिपोर्ट करने

का अर्थ अंतिम रूप दिए जा चुके तुलनपत्र को पुनः खोलने से नहीं है । इसका अर्थ यह है कि सभी अनुवर्ती रिपोर्टिंग में खाते को मानक खाते के रूप में रिपोर्ट किया जाएगा तथा अनर्जक आस्ति के रूप में उसकी अंतरिम गिरावट के कारण किए गए प्रावधानों को प्रतिवर्तित किया जा सकता है।

(viii) 14 नवंबर 2008 के परिपत्र से सात परियोजनाओं (जिनकी सूची नीचे दी गयी है) के लिए विशेष विनियामक कार्रवाई की अनुमति दी गयी, जहां उत्पादन/परिचालन की शुरुआत पहले से ही काफी विलंबित हो गयी थी । बैंकों को सूचित किया गया कि वे इन परियोजनाओं की पुनर्रचना की पात्रता का मूल्यांकन करने के लिए उनकी अर्थक्षमता का पुनः अध्ययन करें । यदि इन परियोजनाओं को पुनर्रचना हेतु पात्र पाया जाता है तथा संबंधित बैंक उनकी पुनर्रचना का निर्णय लेते हैं, तो एक-बारगी कदम के रूप में यह निर्णय लिया गया है कि चालू बाज़ार गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए कार्यान्वयन प्रक्रिया के अधीन उपर्युक्त सात परियोजनाओं को 27 अगस्त 2008 के हमारे उपर्युक्त परिपत्र के अनुसार पुनर्रचित करने के बाद 'मानक' संवर्ग में वर्गीकृत किया जाएगा, भले ही ऐसी पुनर्रचना के समय खाता अनर्जक आस्ति हो, बशर्ते ऐसे पुनर्रचना पैकेज का कार्यान्वयन इस परिपत्र की तारीख से छह महीने की अवधि के भीतर किया गया हो। आय निर्धारण और आस्ति वर्गीकरण तथा अग्रिमों की पुनर्रचना से संबंधित सभी विद्यमान मानदंड अपरिवर्तित रहेंगे। ये

7 परियोजनाएं हैं :

1) नन्दी इकानॉमिक कोरिडोर इंटरप्राइज़ेज लिमिटेड (सड़क परियोजना और टाउनशिप)

| | | | |
|---|---|---|---|
| | इस कारण विशेष विनियामक व्यवहार के लिए पात्र तथा तुलनपत्र की तारीख को मानक आस्तियों के रुप में वर्गीकृत प्रस्ताव | | |
| 3 | (1) में से, 31 मार्च 2009 को अनुमोदित तथा कार्यान्वित लेकिन मानक श्रेणी में उन्नत नहीं किए जा सके प्रस्ताव | | |
| 4 | (1) में से, प्रक्रिया/कार्यान्वयन के अधीन प्रस्ताव जो 31 मार्च 2009 को मानक थे. | | |
| 5 | (1) में से, प्रक्रिया /कार्यान्वयन के अधीन प्रस्ताव जो 31 मार्च 2009 को अनर्जक आस्ति बने लेकिन जिन्हें पैकेज के पूर्ण कार्यान्वयन के बाद मानक आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाना है। | | |

